# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 14

Chapter Name : बच्चों  के प्रिय श्री केशव शंकर पिल्लै

Q1 (क) गुड़ियों का संग्रह करने में केशव शंकर पिल्लै को कौन-कौन सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

(ख) वे बाल चित्र-कला प्रतियोगिता क्यों करना चाहते थे?

(ग) केशव शंकर पिल्लै ने बच्चों के लिए विश्व भर की चुनी हुई गुड़ियों का संग्रह क्यों किया?

(घ) केशव शंकर पिल्लै हर वर्ष छुट्टियों में कैंप लगाकर सारे भारत के बच्चों को एक जगह मिलने का अवसर देकर क्या करना चाहते थे?

Answer. (क) गुड़ियों की कीमत ज्यादा होती थी और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए ज्यादा स्थान की आवश्यकता होती थी |

(ख) वह बाल चित्र - कला प्रतियोगिता इसलिए कराना चाहते थे ताकि विभिन्न देश के बच्चे एक-दूसरे से मिले उनकी संस्कृति, रहन-सहन, वेशभूषा, उनकी कला  को जाने और उनको सराहे ।

(ग) केशव शंकर पिल्लै ने गुड़ियों का संग्रह भारतीय बच्चों के लिए किया ताकि वे  गुड़ियों के माध्यम से देश विदेश की संस्कृति , रहन-सहन, वेशभूषा, कला , रीति-रिवाजों को जान सकें और बच्चों का मनोरंजन भी हो सकें |

(घ) अपने कैंप के माध्यम से वह पूरे देश के बच्चों को एक जगह मिलने का मौका देना चाहते थे क्योंकि वह चाहते थे कि हमारे देश के बच्चे विभिन्न भाषा,  संस्कृति को समझ सके। वे बच्चों को अनेकता में एकता की पहचान कराना चाहते थे।

Page  : 98 , Block Name : पाठ से

Q2 केशव ने कार्टून बनाना, गुड़ियों व पुस्तकों का संग्रह करना, पत्रिका में लिखना व पत्रिका निकालना, बाल चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन व बच्चों का सम्मेलन कराना जैसे तरह-तरह के काम किए। उनको किसी एक काम के लिए भी तरह-तरह के काम करने पड़े होंगे। अब बताओ कि–

(क) कार्टून बनाने के लिए उन्हें कौन-कौन से काम करने पड़े होंगे ?

(ख) बच्चों के लिए बाल चित्रकला प्रतियोगिता करने के लिए क्या-क्या करना पड़ा होगा ?

(ग) केशव शंकर पिल्लै की तरह कुछ और भी लोग हुए हैं जिन्होंने तरह-तरह के काम करके काफी नाम कमाया। तुम्हारी पसंद के वो कौन-कौन लोग हो सकते हैं? तुम उनमें से कुछ के नाम लिखो और उन्होंने जो कुछ विशेष काम किए हैं उनके नाम के आगे उसका भी उल्लेख करो।

aglasem.com

Answer. (क) कार्टून बनाने के लिए उन्हें बहुत सारे काम करने पड़े होंगे । सबसे पहले उन्हें चित्र-कला सीखनी पड़ी होगी उसके बाद रंग भरने के सही तरीके भी सीखने पड़े होंगे । उसके बाद उन्हें पता करना पड़ा होगा की बच्चों को किस तरह के कार्टून पसंद हैं और उन्हें इन कार्टूनों के साथ एक ऐसी कहानी भी जोड़ी होगी जिससे बच्चों को कुछ नया सीखने को भी मिले ।

(ख) इतनी बड़ी प्रतियोगिता कराने के लिए सबसे पहले तो उन्हें इसके लिए पैसा इकठ्ठा करना पड़ा होगा | इसके बाद जगह-जगह इश्तिहार छपवाने पड़े होंगे ताकि लोगों को इस प्रतियोगिता के बारे में पता चल सके | इसके बाद उन्हें एक ऐसी जगह ढूँढ़नी (ग) पड़ी होगी जहाँ पर काफी सारे बच्चे एक साथ बैठकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकें | इस प्रतियोगिता के लिए एक विषय चुना गया होगा और जीतने वाले बच्चे को उपहार में क्या देना है इसका भी चुनाव हुआ होगा |

- किरण बेदी - डॉ° किरण बेदी भारतीय पुलिस सेवा की सेवानिवृत्त अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, भूतपूर्व टेनिस खिलाड़ी एवं राजनेता हैं।
- अरुणा रॉय - अरुणा राय भारत की एक राजनैतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। भारत में सूचना का अधिकार लागू करने के लिये उनके प्रयत्न एवं योगदान उल्लेखनीय हैं।
- मदर टेरेसा - मदर टेरेसा ने अपना पूरा जीवन समाज के जरुरतमंद और गरीब लोगों के लिये समर्पित कर दिया। इन्होंने 1948 में भारत (कलकत्ता) से अपने मिशन की शुरुआत की। वो भारत के गरीब और जरुरतमंद लोगों की मदद के लिये विभिन्न धर्मों और जाति के लोगों को साथ ले आने में सफल हुई।
- प्रशांत भूषण - प्रशांत भूषण भारत के उच्चतम न्यायालय में एक वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। उन्हे भ्रष्टाचार, विशेष रूप से न्यायपालिका के भ्रष्टाचार के ख़िलाफ़ आंदोलन के लिए जाना जाता हैं।

Page : 99, Block Name : तरह-तरह के काम

Q3 तुमने इस पाठ में गुड़ियाघर के बारे में पढ़ा। पता करो कि 'चिड़ियाघर', 'सिनेमाघर' और 'किताबघर' कौन और क्यों बनवाता है? तुम इनमें से अपनी पसंद के किसी एक घर के बारे में बताओ जहाँ तुम्हें जाना बेहद पसंद हो।

Answer. चिड़िया घर –सरकार बनवाती है। बच्चों के मनोरंजन के लिए और जानवरों को रखने के लिए बनवाये जाते है |

किताबघर – सरकार भी बनवाती है और निजी भी कोई बना सकता है | लोगों को विभिन्न तरह की किताबें उपलब्ध करवाने के लिए बनवाये जाते है |

सिनेमाघर - सरकार की अनुमति से कोई भी बना सकता है। लोगों के मनोरंजन के लिए बनवाये जाते है |

Page : 99, Block Name : घर

Q4 आमतौर पर लोग अपनी मनपसंद, महत्वपूर्ण और आवश्यक चीज़ों का संग्रह करते हैं। नीचे कुछ चीज़ों के नाम दिए गए हैं। जैसे-

(क) डाक-टिकट

(ख) पुराने सिक्के



Aglasem Schools

(ग) गुड़िया

(घ) महत्वपूर्ण पुस्तकें

(ङ) चित्र

(च) महत्वपूर्ण व्यक्तियों के हस्तलेख

इसके अतिरिक्त भी तुम्हारे आसपास कुछ चीज़ें होती हैं जिसे लोग बेकार या अनुपयोगी समझकर कूड़ेदान या अन्य उपयुक्त जगह पर रख या फेंक देते हैं।

(क) तुम पता करो यदि उसका भी कोई संग्रह करता है तो क्यों?

(ख) उसका संग्रह करने वालों को क्या परेशानियाँ होती होंगी?

(इनके उत्तर के लिए तुम बड़ों की सहायता ले सकते हो।)

Answer.

(क) लोग अपनी मनपसंद, महत्वपूर्ण और आवश्यक चीज़ों का संग्रह करते हैं क्योंकि ये इतिहास को जानने में मदद करती है | प्राचीन चीज़े संग्रहालयों में रखी जाती है |

(ख) इनका संग्रह करना कठिन होता है क्योंकि इन वस्तुओं के संग्रह के लिए ज्यादा स्थान की आवश्यकता होती है और इनकी देख-रेख भी करनी पड़ती है |

Page : 99, Block Name : घर

Q5 "अनेक देशों के बच्चों की यह फ़ौज अलग-अलग भाषा, वेशभूषा में होकर बी एक जैसी ही है। कई देशों के बच्चों को इकट्ठा कर दो, वे खेलेंगे या लड़ेंगे और यह लड़ाई भी खेल जैसी ही होगी। वे रंग, भाषा या जाति पर कभी नहीं लड़ेंगे।"

ऊपर के वाक्यों को पढ़ो और बताओ कि–

(क) यह कब, किसने, किसमें, और क्यों लिखा ?

(ख) क्या लड़ाई भी खेल जैसी हो सकती है ? अगर हो तो कैसे और उस खेल में तुम्हारे विचार से क्या-क्या हो सकता है |

Answer. (क) यह तब लिखा गया था जब शंकर पिल्लै ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया था, यह कथन जवाहर लाल नेहरू ने शंकर्स वीकली में लिखा था क्योंकि उनकी पूरे देश को एक साथ देखने की इच्छा पूरी हुई थी |

(ख) हाँ लड़ाई भी खेल जैसी हो सकती है अगर उसे प्रतियोगिता का नाम दे दिया जाए | हम चाहे प्रतियोगिता में कैसे भी खेल रखवाए बस हमें एक बात का ध्यान देना होगा की उसमे सबको मज़ा आए और कोई भी उदास न हो|

Page : 100, Block Name : लड़ाई भी खेल जैसी

aglasem.com

Q6 केशव शंकर पिल्लै बच्चों के लिए सुबह से शाम तक काम में लगे रहते थे। तुम सुबह से शाम तक कौन-कौन से काम करना चाहोगे? नीचे उपयुक्त जगह में अपनी पसंद के काम को भी लिखो और सही (✓) का निशान लगाओ। तुम उसका कारण भी बताओ।

| क्रम सं. | काम का नाम | ✓ या ✗ कारण |
|---|---|---|
| (क) | खेलना | |
| (ख) | पढ़ना | |
| (ग) | चित्रकारी करना | |
| (घ) | …………… | |
| (ङ) | ………….. | |
| (च) | …………… | |

Answer. छात्र स्वयं करें |

Page : 100, Block Name : लड़ाई भी खेल जैसी

aglasem.com